TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 31 मई

1. **विश्व तम्बाकू निषेध दिवस–** विश्वभर में तम्बाकू के सेवन को रोकने के लिए प्रतिवर्ष 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस दिवस की शुरूआत वर्ष 1987 में की गयी थी। तम्बाकू से कर्क रोग यानी कैंसर होता है। इसके अलावे ब्रेन ट्युमर तथा कई रोगों का जनक है।
2. **विश्व का पहला विद्युत रेलमार्ग–** विश्व का पहला विद्युत रेलमार्ग बर्लिन में खोला गया था। जिसका उद्घाट्न जर्मनी के ख्याति प्राप्त इंजीनियर तथा उद्योगपति वेर्नावान साइमन्स ने किया था। यह मात्र 300 मीटर लंबा मीटर गेज रेलमार्ग था। यह 7 किमी. प्रतिघंटा की गति से 18 यात्रियों से भरे वैगन को सफलतापूर्वक खींचकर परिचालित हुआ था।

- **(मई महीने के पहला रविवार) विश्व हास्य दिवस–** हँसना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। हास्य–व्यंग्य से मस्तिष्क का तनाव कम होता है। हँसने से प्राणवायु का संचार अधिक होता है और दूषित वायु बाहर निकल जाती है। नियमित रूप से हँसने से शरीर में रक्त संचार की गति बढ़ जाती है तथा पाचन तंत्र भी सुदृढ़ होता है। यह दिवस प्रतिवर्ष मई महीने के पहला रविवार को मनाया जाता है। इस दिवस का प्रथम आयोजन 11 जनवरी, 1998ई. को मुम्बई में किया गया था। इस दिवस की स्थापना का श्रेय डॉ. मदन कटारिया को जाता है।
- **(मई महीने के प्रथम मंगलवार) विश्व अस्थमा दिवस–** अस्थमा (दमा) प्रायः प्रदूषित वायु में साँस लेने से होने वाली बीमारी है। अस्थमा के रोगियों को साँस लेने में कठिनाई होती है, बहुत जल्दी साँस फूलने लगता है। यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकता है। प्रतिवर्ष मई महीने के प्रथम मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस मनाया जाता है। यह पहली बार वर्ष 1998 में बार्सिलोना, स्पेन सहित 35 देशों में मनाया गया था। इसका आयोजन प्रति वर्ष ग्लोबल इनिश्एिटिव फॉर अस्थमा द्वारा किया जाता है।
- **(मई महीने के दूसरे रविवार) मातृ दिवस–** माँ सृष्टि की सृजनकर्ता है। समस्त ब्रह्माण्ड में प्रथम स्थान माता का होता है। माँ ममता, त्याग, दया, सहनशीलता और क्षमा की मूरत होती है। संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। माँ के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट करने के लिए प्रतिवर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मातृ दिवस के रूप में मनाया जाता है।

Friday

# दिवस विशेष

31 मई

मधु प्रिया

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई




31 मई को दुनिया भर में हर वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य तंबाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो वर्तमान में दुनिया भर में हर साल 70 लाख से अधिक मौतों का कारण बनता है, जिनमें से 890,000 गैर-धूम्रपान करने वालों का परिणाम दूसरे नंबर पर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य राज्यों ने 1987 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस बनाया। पिछले इक्कीस वर्षों में, दुनिया भर में सरकारों, सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों, धूम्रपान करने वालों, उत्पादकों से उत्साह और प्रतिरोध दोनों मिले हैं। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम वर्ष 2007-08 में भारत के 21 राज्यों के 42 जिलो में पायलेट परियोजना के रूप में प्रारम्भ किया गया। सर्वप्रथम राजस्थान के 2 जिलों जयपुर व झुंझुनू को सम्मिलित कर गतिविधियाँ प्रारम्भ की गयी। वर्ष 2015-16 में जयपुर, झुन्झुनू के अतिरिक्त अजमेर, टॉक, चूरू, उदयपुर, राजसमन्द, चित्तौडगढ, कोटा, झालावाड, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, अलवर, जैसलमेर, पाली, सिरोही, श्रीगंगानगर जिले (कुल 17 जिले) योजनान्तर्गत सम्मिलित किये गये ।इस दिन डब्लूएचओ इस खास दिन पर जनता को तंबाकू के उपयोग के खतरों, तंबाकू कंपनियों के व्यवसाय प्रथाओं, डब्लूएचओ के प्लान आदि के बारे में लोगों को सूचना दी जाती है। हर वर्ष इस दिवस को एक खास थीम पर मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस वार्षिक अभियान की हर साल एक अलग थीम होती है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2023 की इस वर्ष की थीम है "हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं", जिसका उद्देश्य तंबाकू किसानों के लिए वैकल्पिक फसल उत्पादन और विपणन के अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें टिकाऊ और पौष्टिक फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# जयंती विशेष 31 मई

राकेश कुमार




**महारानी अहिल्याबाई होल्कर** *Maharani Ahilyabai Holkar*, जन्म: 31 मई, 1725; मृत्यु: 13 अगस्त, 1795) मल्हारराव होल्कर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थीं। अहिल्याबाई किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थीं, लेकिन अपने राज्य काल में उन्होंने जो कुछ किया वह आश्चर्यचकित करने वाला है। वह एक बहादुर योद्धा और कुशल तीरंदाज थीं। उन्होंने कई युद्धों में अपनी सेना का नेतृत्व किया और हाथी पर सवार होकर वीरता के साथ लड़ीं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 31 मई 2024

## मूल्यांकन का उद्देश्य

**मूल्यांकन आपको सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद कर सकता है और अंततः आपको अपने लक्ष्यों को अधिक कुशलता से प्राप्त करने में मदद कर सकता है । इसके अतिरिक्त, जब आप इस बारे में अपने परिणाम साझा करते हैं कि क्या अधिक और क्या कम प्रभावी था, तो आप शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
QUIZ TIME
Today's Quiz
Quiz Number 403
ज्यामिति का जनक किसे कहा जाता हैं ?
A. थेल्स
B. यूक्लिड
C. पैथागोरस
D. लियोनार्ड डिग्गेस
www.teachersofbihar.org
सही उत्तर: B

## शतरंज

### प्रगनानंद ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में कार्लसन को हराया: वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस पर पहली क्लासिकल जीत; प्रगनानंद के 9 में से 5.5 अंक हो गए




भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने स्टावेंजर में खेले जा रहे नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में एक बड़ी जीत दर्ज की है। इस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में आर प्रगनानंद ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को उन्हीं के घर में हराकर इस दिग्गज पर अपनी पहली क्लासिकल फॉर्मेट जीत दर्ज की।



अपने ज्ञान, साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए प्रसिद्ध, शासन को सेवा मानकर राजपाठ करने वाली लोकमाता

# अहिल्यादेवी होलकर

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 31 मई 1725

मृत्यु - 13 अगस्त 1795

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

31 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो अप्राप्त है उसे पा लेना कठिन नहीं है परन्तु जो प्राप्त था उसे खोकर फिर पाना अत्यंत कठिन है।

**महादेवी वर्मा**



राकेश कुमार